हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 25 जनवरी 2025, समय 1305 (05 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोगों को **राष्ट्रीय मतदाता दिवस** की शुभकामनाएं दीं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिवस भारत के जीवंत लोकतंत्र का जश्न मनाने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए सशक्त बनाने के बारे में है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में भागीदारी के महत्व को उजागर करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने निर्वाचन आयोग के अनुकरणीय प्रयासों की भी सराहना की। श्री मोदी ने **मन की बात** कार्यक्रम की एक क्लिप भी साझा की जिसमें उन्होंने कहा कि देश के संविधान निर्माताओं ने संविधान में लोगों की भागीदारी को बहुत महत्व दिया है। उन्होंने भारत को लोकतंत्र की जननी बताया और कहा कि पिछले दशकों में देश का लोकतंत्र मजबूत और समृद्ध हुआ है।

****

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने **राष्ट्रीय बालिका दिवस** के अवसर पर कल चंडीगढ़ में महिला एवं किशोरी सम्मान योजना की ऐप **"सम्मान संजीवनी"** जारी की। ऐप के माध्यम से योजना के अंतर्गत दी जा रही सुविधाओं पर नजर रखी जाएगी। ये लाभ आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों के माध्यम से दिए जाते हैं। मंत्री ने कहा कि 'महिला एवं किशोरी सम्मान योजना' के तहत गरीबी रेखा से नीचे बी पी.एल परिवारों की महिलाओं और 10 से 45 वर्ष की आयु की लड़कियों को मुफ़्त सैनिटरी नैपकिन दिए जाते हैं। श्रीमति श्रुति चौधरी ने कहा कि बालिकाओं तक लाभ समय पर पहुंचना सुनिश्चित करने के लिए ऐप विकसित किया गया है।

श्रुति चौधरी

मंत्री ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग **'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'** योजना की 10वीं वर्षगांठ भी मना रहा है। इस पहल के तहत महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और बेटियों के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

****

हरियाणा से अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रही 6 महिलाओं को **गणतंत्र दिवस समारोह** में निमंत्रण मिला है। भिवानी जिले से गांव झरवाई की सरपंच कमला देवी को 26 जनवरी को दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर बुलाया गया है।
कमला देवी ने आकाशवाणी समाचार को बताया

कमला देवी

उन्होंने जल संरक्षण को लेकर उल्लेखनीय काम किया है जिस के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

****

हरियाणा सरकार ने कल **मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0** के तहत 20 जिलों में 4,533 लाभार्थियों को ड्रॉ के माध्यम से भूखंड आवंटित किए। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि अंबाला जिले में कुल 166, भिवानी में 268, चरखी दादरी में 143 लाभार्थियों को 50-50 वर्ग गज के आवासीय भूखंड आवंटित किए गए। इसी तरह

फतेहाबाद में 313, गुरुग्राम में 16, हिसार में 480, झज्जर में 26, जींद में 545 और कैथल में 204 आवेदकों को भूखंड मिले हैं। करनाल में 316, कुरुक्षेत्र में 186, नारनौल में 85, नूह में 65, पलवल में 17 और पानीपत में 314 लोगों को इस योजना का लाभ मिला तो वहीं रेवाड़ी में 134, रोहतक में 176, सिरसा में 370, सोनीपत में 678 और यमुनानगर जिले में 31 पात्र लाभार्थियों को आवासीय भूखंड आवंटित किए गए।

****